**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 4801**

**Series : Sec. M/2020**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

**SET : A**

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय :* **3** *घण्टे ]* *[ पूर्णांक :* **80**

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* **8** *तथा प्रश्न* **15** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये* ***कोड नम्बर*** *तथा* ***सेट*** *को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Previous Pathshala

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) आशीर्वाद, दीक्षान्त (संधि-विच्छेद कीजिए)

(ख) विकारी शब्द किसे कहते हैं ? सोदाहरण स्पष्ट कीजिए।

(ग) असुर, सरस्वती (***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)

(घ) अनुसार, सहोदर (उपसर्ग छाँटिए)

(ङ) वैतनिक, निर्गुण (विलोम शब्द लिखिए)

(च) मधुर, कुलीन (प्रत्यय छाँटिए)

(छ) मुहावरे का अर्थ स्पष्ट कर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) आपे से बाहर होना

(ii) कलम तोड़ना

**2.** (क) 'वर्णिक' छंद किसे कहते हैं ? 2

(ख) 'रूपक' अलंकार की परिभाषा सोदाहरण दीजिए। 2



Previous Pathshala

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) नारी शिक्षा का महत्त्व

(ख) विद्यार्थी और अनुशासन

(ग) पर्यावरण संरक्षण

(घ) हमारी सांस्कृतिक एकता

(ङ) गणतंत्र दिवस समारोह

**4.** योग का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को ***एक*** पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

कक्षा-कक्ष में प्रकाश की उचित-व्यवस्था के लिए अपने मुख्याध्यापक को ***एक*** प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक शब्द*** अथवा ***एक वाक्य*** में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) 'पुरइनि पात' का क्या अर्थ है ?

(ख) शूरवीर अपनी वीरता का परिचय किस प्रकार देते हैं ?

(ग) बसंत रूपी बालक को किसका पुत्र बताया गया है ?

(घ) 'आत्मकथ्य' कविता में कवि ने 'मधुप' किसे कहा है ?

(ङ) किसकी आभा अट नहीं रही है ?



Previous Pathshala

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 3 = 3

(क) उद्धव गोपियों को क्या संदेश देने के लिए गया है ?

(i) राम भक्ति का (ii) शिव भक्ति का

(iii) इंद्र भक्ति का (iv) योग-साधना का

(ख) लक्ष्मण-परशुराम संवाद रामचरितमानस के किस कांड से उद्धृत है ?

(i) बालकांड (ii) सुंदरकांड

(iii) अयोध्याकांड (iv) लंकाकांड

(ग) 'सीवन को उधेड़कर देखोगे क्यों मेरी कंथा की' यहाँ 'कंघा' का अर्थ है :

(i) अन्तर्मन (ii) कविता

(iii) चद्दर (iv) गूदड़ी

**7.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 × 5 = 5

कितना प्रामाणिक था उसका दुख

लड़की को दान देते वक्त

जैसे वही उसकी अंतिम पूँजी हो

लड़की अभी सयानी नहीं थी



Previous Pathshala

अभी इतनी भोली और सरल थी

कि उसे सुख का आभास तो होता था

लेकिन दुख बांचना नहीं आता था।

***प्रश्न :***

(क) काव्यांश के कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ख) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(ग) किसके दुख को प्रामाणिक कहा गया है ?

(घ) अंतिम पूँजी किसे कहा गया है ?

(ङ) लड़की को किस चीज का आभास होता था ?

**8.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए : 2 + 2 = 4

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान

मृतक में भी डाल देगी जान

धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ....

छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात।

**9.** कवि ने 'फसल' को क्या कहा है ? 3

**अथवा**

'उत्साह' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।



Previous Pathshala

**खण्ड – ग**

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक शब्द*** अथवा ***एक वाक्य*** में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) हालदार साहब कस्बे में क्यों रुकते थे ?

(ख) बालगोबिन भगत के कितने बेटे थे ?

(ग) फादर कामिल बुल्के को कौन-सा सम्मान दिया गया था ?

(घ) मन्नू भंडारी ने किस कॉलेज में अध्यापन किया ?

(ङ) पुराणकार का संबंध किस रचना से है ?

**11.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(क) थेरीगाथा निम्नलिखित में से किस ग्रंथ का एक भाग है ?

(i) वेद (ii) भागवत

(iii) त्रिपिटक (iv) कुमारसंभव

(ख) प्रवेश द्वार के ऊपर मंगलध्वनि बजाने का स्थान क्या कहलाता है ?

(i) अटारी (ii) चौबारा

(iii) नौबतखाना (iv) दरवाजा

(ग) नई चीज को खोजने वाला व्यक्ति कहलाता है ?

(i) खोजी (ii) संस्कृत

(iii) शिक्षित (iv) शिक्षक



Previous Pathshala

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए – $1 \times 4 = 4$

उनकी चिन्ता हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में देखने की थी। हर मंच से इसकी तकलीफ बयान करते, इसके लिए अकाट्य तर्क देते। बस इसी एक सवाल पर उन्हें झुंझलाते देखा है और हिन्दी वालों द्वारा ही हिन्दी की उपेक्षा पर दुख करते उन्हें पाया है।

***प्रश्न :***

(क) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ का नाम लिखिए।

(ख) गद्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(ग) यह गद्यांश किस व्यक्ति के संबंध में लिखा गया है ?

(घ) हिन्दी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्थापित करने के लिए क्या प्रयास किए ?

**13.** यशपाल ***अथवा*** मन्नू भण्डारी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**14.** पठित पाठ के आधार पर संस्कृति और सभ्यता में अन्तर स्पष्ट कीजिए। 2

## खण्ड – घ

**15.** ***'कृतिका' (भाग – 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) खेल खेलते हुए बच्चे पिता को देखकर क्यों भाग खड़े होते थे ?

(ख) 'जार्ज पंचम की नाक' पाठ में निहित व्यंग्य स्पष्ट कीजिए।



Previous Pathshala

(ग) लेखक के अनुसार प्रत्यक्ष अनुभव की अपेक्षा अनुभूति उनके लेखन में कहीं अधिक मदद करती है, क्यों ?

(घ) घाटी में दिखाई देने वाली रंगीन पताकाएँ कब लगाई जाती हैं ?

(ङ) भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में टुन्नू और दुलारी ने किस प्रकार योगदान दिया ?

Previous Pathshala



Previous Pathshala

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 4801**

**Series : Sec. M/2020**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

**SET : B**

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **15** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Previous Pathshala

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) प्रत्युत्तर, संघर्ष (संधि-विच्छेद कीजिए)

(ख) कोप, वसंत (***दो-दो*** पर्यायवाची लिखिए)

(ग) आकर्षण, शुक्ल (विलोम शब्द लिखिए)

(घ) अविधान, स्वयंवर (उपसर्ग छाँटिए)

(ङ) गरिमा, कसक (प्रत्यय छाँटिए)

(च) विकारी शब्द कौन-कौन से होते हैं ?

(छ) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) आकाश के तारे तोड़ना

(ii) कंचन बरसना

**2.** (क) 'उपमा' अलंकार की सोदाहरण परिभाषा दीजिए। 2

(ख) 'चौपाई' छंद का लक्षण लिखिए। 2



Previous Pathshala

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) परिश्रम का महत्त्व

(ख) जल संरक्षण

(ग) मेरा प्रिय कवि

(घ) कम्प्यूटर का महत्त्व

(ङ) स्वतंत्रता दिवस समारोह

**4.** अपने छोटे भाई को कुसंगति से बचने की शिक्षा देते हुए एक पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

विद्यालय में खेल के मैदान की व्यवस्था ठीक करवाने के बारे में मुख्याध्यापक को ***एक*** प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक शब्द*** अथवा ***एक वाक्य*** में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) तुलसीदास के उपास्य देव कौन हैं ?

(ख) गोपियों ने व्याधि किसे कहा है ?

(ग) 'आत्मकथ्य' कविता के रचयिता का नाम बताइए।

(घ) बादल से कवि ने किसे घेर लेने का आह्वान किया है ?

(ङ) 'छाया मत छूना' कविता में छाया से क्या अभिप्राय है ?



Previous Pathshala

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(क) उद्धव को बड़भागी कहने में कौन-सा भाव निहित है ?

(i) बड़ाई का (ii) क्रोध का

(iii) लड़ाई का (iv) व्यंग्य का

(ख) 'भृगुवंसमनि' किसे कहा गया है ?

(i) लक्ष्मण को (ii) जनक को

(iii) विश्वामित्र को (iv) परशुराम को

(ग) जग मंदिर किसे कहा गया है ?

(i) सोमनाथ मंदिर को (ii) पृथ्वी को

(iii) संसार को (iv) मंदिर को

**7.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

अवधि आधार आस आवन की, तन मन बिथा सही।
अब इन जोग सँदेसनि सुनि-सुनि, बिरहिनि बिरह दही।
चाहति हुवौ गुहारि जितहिं हैं, उत तैं धार बही।
'सूरदास' अब धीर धरहिं क्यौं मरजादा न लही।



Previous Pathshala

***प्रश्न :***

(क) प्रस्तुत काव्यांश के कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ख) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(ग) योग संदेश सुनकर गोपियों की क्या हालत होती है ?

(घ) इस काव्यांश में 'गुहारि' का क्या अर्थ है ?

(ङ) गोपियों का धैर्य खत्म क्यों हो रहा है ?

**8.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए : 2 + 2 = 4

छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ कहूँ ?
क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ ?
सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्म-कथा ?
अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा।

**9.** 'उत्साह' कविता में निहित संदेश स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

संगतकार के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाह रहा है ?

**खण्ड – ग**

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक शब्द*** अथवा ***एक वाक्य*** में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) मूर्ति में नेताजी किस वर्दी में दिखाई दे रहे थे ?



Previous Pathshala

(ख) बालगोबिन भगत किस पंथ जैसी टोपी पहनते थे ?

(ग) नवाब साहब ने खीरे की क्या विशेषता बताई ?

(घ) लेखक ने फादर बुल्के की तुलना किस वृक्ष से की है ?

(ङ) मन्नू भंडारी की यादों का सिलसिला किस शहर से शुरू होता है ?

**11.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(क) नेताजी की मूर्ति पर चश्मा न होना पान वाले के लिए कैसी बात थी ?

(i) गंभीर (ii) सामान्य

(iii) मजेदार (iv) बेकार

(ख) शहनाई को बजाने के लिए किसका प्रयोग किया गया है ?

(i) रीड़ (ii) पाइप

(iii) पानी (iv) बिजली

(ग) बालगोबिन भगत के संगीत को लेखक ने क्या कहा है ?

(i) उपदेश (ii) लहर

(iii) कहानी (iv) जादू



Previous Pathshala

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

बालगोबिन भगत की संगीत साधना का चरम उत्कर्ष उस दिन देखा गया जिस दिन उनका बेटा मरा। इकलौता बेटा था वह। बहुत सुस्त बोदा-सा था, किन्तु इसी कारण बालगोबिन भगत उसे और भी मानते उनकी समझ में ऐसे आदमियों पर ही ज्यादा नजर रखनी चाहिए या प्यार करना चाहिए, क्योंकि ये निगरानी और मुहब्बत के ज्यादा हकदार होते हैं।

***प्रश्न :***

(क) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक एवं पाठ का नाम लिखिए।

(ख) बालगोबिन भगत की संगीत साधना का उत्कर्ष कब देखा गया ?

(ग) बालगोबिन भगत अपने बेटे को किस कारण अधिक प्यार करते थे ?

(घ) बालगोबिन के अनुसार कैसे आदमियों को ज्यादा निगरानी की आवश्यकता है ?

**13.** यशपाल ***अथवा*** रामवृक्ष बेनीपुरी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**14.** शहनाई की दुनिया में डुमरॉव को क्यों याद किया जाता है ? 2



Previous Pathshala

**खण्ड – घ**

15. ***'कृतिका' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) भोलानाथ के बाबूजी जब रामायण पाठ करते, उस समय भोलानाथ क्या किया करते थे ?

(ख) 'जार्ज पंचम की नाक' में लेखक ने हिन्दुस्तान की कैसी मानसिकता पर व्यंग्य किया है ?

(ग) दुलारी का टुन्नू से पहली बार परिचय कहाँ और किस रूप में हुआ था ?

(घ) सिक्किम के अधिकतर लोगों की जीविका का साधन क्या है ?

(ङ) कौन-से अनुभव ने लेखक को 'हिरोशिमा' कविता लिखने पर विवश कर दिया ?



Previous Pathshala

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 4801**

**Series : Sec. M/2020**

*रोल नं०* | | | | | | | | | | |

***SET : C***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय : **3** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* **8** *तथा प्रश्न* **15** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये **कोड नम्बर** तथा **सेट** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Previous Pathshala

***नोट :*** *(i)* ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

*(ii) शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) संकल्प, धर्मार्थ (संधि-विच्छेद कीजिए)

(ख) अनेकार्थी शब्द किसे कहते हैं ?

(ग) अनुमान, आजीवन (उपसर्ग छाँटिए)

(घ) घटना, गिनती (प्रत्यय छाँटिए)

(ङ) अमर, चपल (विलोमार्थी शब्द लिखिए)

(च) अनुपम, कपड़ा (***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)

(छ) मुहावरे का अर्थ बताकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) अँगुली पर नचाना

(ii) कलई खोलना

**2.** (क) मात्रिक छंद किसे कहते हैं ? 2

(ख) प्रस्तुत काव्य पंक्तियों में अलंकार का नाम लिखिए : 2

(i) शाब्दिक भ्रमों की तरह बंधन हैं

(ii) बाल कल्पना के से पाले



Previous Pathshala

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) नारी जागृति

(ख) हमारी राष्ट्रीय एकता

(ग) वायु प्रदूषण की समस्या

(घ) विद्यार्थी और अनुशासन

(ङ) मेरा प्रिय कवि

**4.** मोबाइल फोन के अधिक उपयोग से बचने का सुझाव देते हुए मित्र को ***एक*** पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

विद्यालय के पुस्तकालय में पुस्तकों की कमी दूर करने के बारे में मुख्याध्यापक को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए। 6

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक शब्द*** अथवा ***एक वाक्य*** में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) गोपियों के अनुसार राजधर्म क्या है ?

(ख) परशुराम के गुरु कौन थे ?

(ग) कवि ने बसंत को किसका पुत्र बताया है ?

(घ) कवि ने अपनी आत्मकथा को कैसी बताया है ?

(ङ) 'दंतुरित मुसकान' कविता में कवि के ध्यानाकर्षण का केन्द्र कौन है ?



Previous Pathshala

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 3 = 3

(क) नदियों के पानी का जादू क्या है ?

(i) प्रवाह (ii) तरलता

(iii) फसल (iv) शीतलता

(ख) 'छाया मत छूना' कविता में कवि किसका पूजन करने को कहता है ?

(i) कल्पना का (ii) यथार्थ का

(iii) भगवान का (iv) विज्ञान का

(ग) 'सरगम' का अर्थ है :

(i) सारे गम (ii) सरकता हुआ

(iii) स्वर-बोध (iv) सरोवर

**7.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 1 × 5 = 5

माँ ने कहा पानी में झाँककर
अपने चेहरे पर मत रीझना
आग रोटियाँ सेंकने के लिए है
जलने के लिए नहीं
वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह
बंधन हैं स्त्री जीवन के



Previous Pathshala

***प्रश्न :***

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग स्पष्ट कीजिए।

(iii) माँ ने लड़की से क्या कहा ?

(iv) आग किस लिए है ?

(v) वस्त्र और आभूषण स्त्री जीवन के लिए क्या हैं ?

**8.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए : 2 + 2 = 4

दुविधा-हत साहस है, दिखता है पंथ नहीं,
देह सुखी हो पर मन के दुख का अंत नहीं।
दुख है न चाँद खिला शरद रात आने पर
क्या हुआ जो खिला फूल रस-बसंत जाने पर ?
जो न मिला भूल उसे कर तू भविष्य वरण।

**9.** 'कन्यादान' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 3

**अथवा**

'उत्साह' कविता में कवि और बादल में क्या समानता दिखाई देती है ?



Previous Pathshala

**खण्ड – ग**

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक शब्द*** अथवा ***एक वाक्य*** में दीजिए : 1 × 5 = 5

(क) नेताजी की मूर्ति किससे बनी थी ?

(ख) बालगोबिन भगत के कितने बेटे थे ?

(ग) सफेदपोश सज्जन ने खीरे कहाँ रखे हुए थे ?

(घ) फादर बुल्के की कर्मभूमि कहाँ थी ?

(ङ) मन्नू भंडारी ने किस वर्ष अपनी दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी ?

**11.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 3 = 3

(क) हिन्दू वेदों को किसकी रचना मानते हैं ?

(i) ऋषियों की (ii) ब्राह्मणों की

(iii) ईश्वर की (iv) अंग्रेजों की

(ख) बाला जी मंदिर काशी के किस घाट पर स्थित है ?

(i) यमुना घाट (ii) पंचगंगा घाट

(iii) असी घाट (iv) ब्रह्म घाट



Previous Pathshala

(ग) लेनिन को किस देश का भाग्य विधाता माना गया है ?

(i) जापान (ii) इटली

(iii) अमेरिका (iv) रूस

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

बड़े शोक की बात है, आजकल भी ऐसे लोग विद्यमान हैं जो स्त्रियों को पढ़ाना उनके और गृह-सुख के नाश का कारण समझते हैं। और, लोग भी ऐसे वैसे नहीं सुशिक्षित लोग-ऐसे लोग जिन्होंने बड़े-बड़े स्कूलों और शायद कॉलिजों में भी शिक्षा पाई है, जो धर्मशास्त्र और संस्कृत के ग्रंथ-साहित्य से परिचय रखते हैं, और जिनका पेशा कुशिक्षितों को सुशिक्षित करना, कुमार्गगामियों को समार्गगामी बनाना और अधर्मियों को धर्म तत्व समझाना है।

***प्रश्न :***

(i) प्रस्तुत गद्यांश के लेखक और पाठ का नाम लिखिए।

(ii) लेखक ने शोक की बात किसे कहा है ?

(iii) गृह-सुख के नाश से क्या आशय है ?

(iv) ऐसे-वैसे लोगों का स्त्री-शिक्षा के संबंध में क्या विचार है ?

**13.** यशपाल ***अथवा*** यतीन्द्र मिश्र का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**14.** 'नेताजी का चश्मा' पाठ के पानवाले का रेखाचित्र प्रस्तुत कीजिए। 2



Previous Pathshala

**खण्ड – घ**

15. ***'कृतिका' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :　　$2 \times 5 = 10$

(क) गंतोक को 'मेहनतकश बादशाहों' का शहर क्यों कहा गया ?

(ख) मूर्तिकार ने सभापति को जार्ज पंचम की नाक का क्या विकल्प बताया ?

(ग) दुलारी की ***दो*** चारित्रिक विशेषताएँ लिखिए।

(घ) लेखक को विज्ञान के दुरुपयोग का ऐतिहासिक प्रमाण कब मिला ?

(ङ) टुन्नू के मारे जाने की दुलारी पर क्या प्रतिक्रिया हुई ?



Previous Pathshala

**CLASS : 10th (Secondary)** **Code No. 4801**

**Series : Sec. M/2020**

रोल नं० | | | | | | | | | | |

***SET : D***

# हिन्दी

*(Academic/Open)*

(Only for Fresh/Re-appear Candidates)

*समय :* ***3*** *घण्टे ]* *[ पूर्णांक :* ***80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ* **8** *तथा प्रश्न* **15** *हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिये गये* ***कोड नम्बर*** *तथा* ***सेट*** *को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है,* ***परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***



Previous Pathshala

***नोट :*** (i) ***सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।***

(ii) *शुद्ध, सार्थक तथा तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों तथा विषयांतर की स्थिति में कम/शून्य अंक देकर दंडित किया जा सकता है।*

**खण्ड – क**

**1.** निम्नलिखित प्रश्नों के यथानिर्दिष्ट उत्तर दीजिए : $2 \times 7 = 14$

(क) वीरोचित, धर्मार्थ (संधि-विच्छेद कीजिए)

(ख) 'एकार्थी' शब्द किसे कहते हैं ?

(ग) अमृत, चतुर (***दो-दो*** पर्यायवाची शब्द लिखिए)

(घ) आम, गुण (***दो-दो*** अनेकार्थी शब्द लिखिए।)

(ङ) उदयाचल, हेय (विलोमार्थी शब्द लिखिए)

(च) स्वतंत्र, हमराज (उपसर्ग छाँटिए)

(छ) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए :

(i) मान न मान मैं तेरा मेहमान

(ii) फूला न समाना

**2.** (क) 'उपमा' अलंकार की परिभाषा सोदाहरण लिखिए। 2

(ख) 'दोहा' छंद का लक्षण लिखिए। 2



Previous Pathshala

**3.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर निबंध लिखिए : 6

(क) आदर्श विद्यार्थी

(ख) पराली जलाना : घोर अपराध

(ग) विज्ञान : वरदान या अभिशाप

(घ) दीपावली

(ङ) मेरी प्रिय पुस्तक

**4.** व्यायाम का महत्त्व बताते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 6

**अथवा**

विद्यालय में शौचालय की व्यवस्था करवाने के लिए अपने मुख्याध्यापक को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

**खण्ड – ख**

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक शब्द*** अथवा ***एक वाक्य*** में दीजिए : $1 \times 5 = 5$

(क) श्रीकृष्ण गोपियों का क्या चुराकर ले गए थे ?

(ख) गोपियों के लिए योग का संदेश लेकर कौन गया था ?

(ग) 'आत्मकथ्य' कविता में कवि किसका स्पप्न देखकर जाग गया था ?

(घ) परशुराम को क्या देखकर क्रोध आया था ?

(ङ) 'उत्साह' कविता में अनंत के घन किस दिशा से आने की बात कही है ?



Previous Pathshala

**6.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 3 = 3$

(क) 'छाया मत छूना' कविता में कवि ने क्या छूने से मना किया है ?

(i) आग (ii) बिजली

(iii) छाया (iv) खंभा

(ख) कवि ने फसल को सूरज की किरणों का क्या कहा है ?

(i) जादू (ii) रूपांतर

(iii) महिमा (iv) संकोच

(ग) संगतकार का कार्य होता है ?

(i) मुख्य गायक के साथ गाना

(ii) मुख्य गायक से दूर गाना

(iii) अपने मन में गाना

(iv) मुख्य गायक के साथ स्वर-साधना

**7.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 5 = 5$

तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
मृतक में भी डाल देगी जान
धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात ......
छोड़कर तालाब मेरी झोपड़ी में खिल रहे जलजात
परस पाकर तुम्हारा ही प्राण
पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण



Previous Pathshala

***प्रश्न :***

(i) प्रस्तुत काव्यांश के कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

(ii) प्रस्तुत काव्यांश का प्रसंग लिखिए।

(iii) मृतक में जान डालने से क्या अभिप्राय है ?

(iv) कवि की झोपड़ी में क्या खिल रहे थे ?

(v) पाषाण पिघलकर जल क्यों बन गया होगा ?

**8.** निम्नलिखित काव्यांश में निहित भाव एवं शिल्प-सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए : 2 + 2 = 4

यश है न वैभव है, मान है न सरमाया,
जितना ही दौड़ा तू, उतना ही भरमाया।
प्रभुता का शरण-बिंब केवल मृगतृष्णा है,
हर चंद्रिका में छिपी एक रात कृष्णा है।

**9.** 'आत्मकथ्य' कविता का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 6

**अथवा**

'कन्यादान' कविता में माँ को अपनी बेटी अंतिम पूँजी क्यों लग रही थी ?



Previous Pathshala

**खण्ड – ग**

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर ***एक शब्द*** अथवा ***एक वाक्य*** में दीजिए : 1 × 5 = 5

(क) 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के रचयिता कौन हैं ?

(ख) नेताजी की मूर्ति में क्या कमी रह गई थी ?

(ग) फादर बुल्के ने एम० ए० की उपाधि किस विश्वविद्यालय से प्राप्त की ?

(घ) 'आपका बंटी' साहित्य की किस विधा में लिखा है ?

(ङ) नाट्यशास्त्र के रचनाकार कौन थे ?

**11.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के ***उचित*** विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1 × 3 = 3

(क) नेताजी की मूर्ति वाले कस्बे से हालदार साहब कब गुजरते थे ?

(i) हर सप्ताह (ii) पंद्रहवें दिन

(iii) हर माह (iv) हर रोज

(ख) फादर बुल्के किस देश के मूल निवासी थे ?

(i) अमेरिका (ii) बेल्जियम

(iii) जापान (iv) चीन



Previous Pathshala

(ग) नवाब साहब ने खीरे का स्वाद कैसे प्राप्त किया ?

(i) खाकर　　(ii) सूँघकर

(iii) देखकर　　(iv) छूकर

**12.** निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $1 \times 4 = 4$

आजाद हिन्द फौज के मुकदमे का सिलसिला था। सभी कॉलिजों, स्कूलों, दुकानों के लिए हड़ताल का आह्वान था। जो नहीं कर रहे थे, छात्रों का एक बड़ा समूह वहाँ जाकर हड़ताल करवा रहा था। शाम को पूरा विद्यार्थी-वर्ग चौपड़ पर इकट्ठा हुआ और फिर हुई भाषणबाजी। इस बीच पिताजी के एक दकियानूसी मित्र ने घर आकर अच्छी तरह पिताजी की लू उतारी, अरे उस मन्नू की तो मत मारी गई है, पर भंडारी जी आपको क्या हुआ है ?

***प्रश्न :***

(i) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ और रचयिता का नाम लिखिए।

(ii) हड़ताल का आह्वान क्यों किया गया था ?

(iii) विद्यार्थी वर्ग कहाँ इकट्ठा हुआ था ?

(iv) पिताजी के मित्र का स्वभाव कैसा था ?

**13.** मन्नू भंडारी ***अथवा*** रामवृक्ष बेनीपुरी का जीवन परिचय देते हुए उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 6

**14.** स्त्रीशिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खण्डन पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2



Previous Pathshala

**खण्ड – घ**

**15.** ***'कृतिका' (भाग - 2)*** के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : $2 \times 5 = 10$

(क) 'एहि ढैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा' पाठ का मूलभाव स्पष्ट कीजिए।

(ख) टुन्नू और दुलारी का पहली बार परिचय कहाँ और किस रूप में हुआ था ?

(ग) कुटिया में घूमने वाले धर्मचक्र के बारे में गंतोक के निवासियों की क्या मान्यता है ?

(घ) जार्ज पंचम की नाक पर ध्यान जाने से पहले शाही दौरे की क्या तैयारियाँ की गई थीं ?

(ङ) लेखक ने अपने लेखन को अपनी 'आंतरिक विवशता' क्यों कहा ?



Previous Pathshala